## खबर संक्षेप

### राष्ट्रगीत वंदे मातरम-150 वर्ष अभियान के अंतर्गत 23 मार्च से 30 मार्च तक विशेष चरण कार्यक्रम

**मण्डला।** संचालक संस्कृति संचालनालय भोपाल के निर्देश के अनुक्रम में राष्ट्रगीत वंदे मातरम-150 वर्ष अभियान के अंतर्गत 23 मार्च से 30 मार्च तक विशेष चरण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने विशेष चरण की गतिविधियों का जिला स्तर में सफल आयोजन कराने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री शाश्वत सिंह मीना को नोडल अधिकारी एवं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### जल संरक्षण के लिए जन अभियान परिषद का प्रयास

**मण्डला।** सोमवार को ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सेमिकोल द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत सार्वजनिक कूप की साफ-सफाई कार्य किया गया। कूप साफ सफाई कार्य ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पदाधिकारियों एवं ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया। इससे सार्वजनिक पेयजल कूप से ग्रामीणों को साफ एवं स्वच्छ जल पीने के लिए उपलब्ध हो सकेगा। श्रमदान कार्य में ग्राम पंचायत सरपंच बढ़ार श्री गंगाराम मरावी, सीएम इंटर्न श्री सदाब्रज उइके और ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सभी सदस्यों की उपस्थित रही। इस दौरान विकासखण्ड समन्वयक श्री संतोष कुमार झारिया द्वारा सभी को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

### अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में 14 अप्रैल को प्रदेश में ग्राम सभाओं का आयोजन

**मण्डला।** म.प्र. पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा (6) के अनुसार डॉ. अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में 14 अप्रैल को प्रदेश में ग्राम सभाओं का आयोजन किया जायेगा। ग्राम सभाओं के समक्ष प्रस्तुत किए जाने वाले विभाग/कार्यक्रम से संबंधित एजेंडा बिंदु एवं योजनाओं की संक्षिप्त जानकारी 2 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से पंचायत राज संचालनालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों के निराकरण पर नहीं दे रहीं ध्यान

# सहायक आयुक्त को नोटिस जारी, लगेगा जुर्माना

*** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की भी ऐसी ही स्थिति।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिले में शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग किस तरह से बेपटरी है इसका सबसे उदाहरण यह है कि अब उन्हें कलेक्टर द्वारा भी नोटिस दिया जाने लगा है और काम न करने के एवज में जुर्माने के भी निर्देश जारी किये गये हैं सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों एवं शिकायतों के प्रति इनके द्वारा जबरदस्त लापरवाही बरती जा रही है।

जिला योजना भवन में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने विभिन्न विभागों की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में विशेष रूप से सीएम हेल्पलाइन से संबंधित शिकायतों के निराकरण पर जोर दिया गया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक और समय पर समाधान सुनिश्चित किया जाए।

फ़रवरी माह की जारी सीएम हेल्पलाइन रैंकिंग में डी-केटेगरी में आने पर अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग सहायक आयुक्त श्रीमती वंदना गुप्ता को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार सीएम हेल्पलाईन के शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण प्रतिशत में गिरावट आने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. डीजे मोहंती को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने बताया कि मार्च माह में जिले की रैंकिंग अभी 21वें स्थान पर है, जिसे सुधारने के लिए सभी विभागों को गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी कार्यालयों को समय पर खोलने और स्टाफ को नियमित रूप से कार्य संचालन सुनिश्चित करने को कहा। कृषि संबंधी कार्यों की समीक्षा में जिला आपूर्ति अधिकारी संत कुमार भलावी ने बताया कि जिले में गेहूं खरीदी का कार्य 7 अप्रैल से प्रारंभ होगा। इसके अलावा सरसों खरीदी 1 अप्रैल से तथा चना एवं मसूर खरीदी 30 मार्च से प्रारंभ होगी। कलेक्टर श्री मिश्रा ने इसके लिए गोदाम स्तर पर बनाए जा रहे खरीदी केंद्रों की साफ-सफाई एवं किसानों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी एसडीएम को नियमित निरीक्षण करने के लिए कहा गया।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि एचपीवी वैक्सीनेशन में जिले ने प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। कलेक्टर ने इसे प्रथम स्थान पर लाने के लिए और अधिक प्रयास करने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि इस माह के अंत तक विजन डॉक्यूमेंट का कार्य पूर्ण कर लिया जाए। साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान एवं संकल्प से समाधान अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

### सी.एम. हेल्पलाईन की विभागीय रैंकिंग में ऊर्जा विभाग प्रदेश में प्रथम स्थान

ऊर्जा विभाग मंडला द्वारा सी.एम. हेल्पलाईन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया गया है। माह अक्टूबर 2024 से फरवरी 2026 तक लगातार सत्रह महीनों में विभाग ने उपभोक्ताओं की वोल्टेज संबंधी, मीटर संबंधी, खंभे एवं तार से जुड़ी शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण किया। साथ ही त्रुटिपूर्ण विद्युत बिलों में सुधार कर आवश्यक अनुमोदन प्रदान करते हुए शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया गया। माह फरवरी 2026 में ऊर्जा विभाग मंडला ने सी.एम. हेल्पलाईन में 99.98 प्रतिशत स्कोर प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया।

### महाप्रबंधक को सीएम हेल्पलाईन के निराकरण में 95 वेटेज स्कोर के लिए मिला प्रशस्ति पत्र

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने फरवरी माह के सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में महाप्रबंधक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग श्री दिनेश मर्सकोले को 95 वेटेज स्कोर के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिकायत के निराकरण में संतुष्टि स्तर को बेहतर रखें। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्री हुनेन्द्र घोरमारे, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, समस्त एसडीएम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। प्रशस्ति पत्र सहायक संचालक व्यापार उद्योग श्री बलराम यादव ने प्राप्त किया।





## मंडला में जनगणना 2027 के लिए फील्ड ट्रेनर्स का जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी सोमेश मिश्रा के निर्देशन में जनगणना 2027 के कार्यों को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए नामांकित फील्ड ट्रेनर्स एवं रिजर्व फील्ड ट्रेनर्स का जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार प्रशिक्षण दो चरणों में तीन दिवसीय कार्यक्रम के रूप में जिला योजना सभाकक्ष में संपन्न होगा।

प्रथम चरण का प्रशिक्षण 24 मार्च से 26 मार्च तक तथा द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 28 मार्च से 30 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। दोनों ही चरणों में प्रशिक्षण का समय प्रातः 10:30 बजे से सायं 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। 24 मार्च को जिला योजना भवन में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित होने के कारण यह प्रशिक्षण गोलमेज कक्ष में आयोजित किया जायेगा। शेष तिथियों में प्रशिक्षण यथावत जिला योजना भवन में जारी रहेगा।

प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न शासकीय विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के प्राचार्य, सहायक प्राध्यापक, व्याख्याता एवं शिक्षकगण को फील्ड ट्रेनर एवं रिजर्व फील्ड ट्रेनर के रूप में शामिल किया गया है। इन प्रशिक्षकों को जनगणना कार्य की बारीकियों, डेटा संकलन प्रक्रिया, तकनीकी पहलुओं एवं फील्ड में कार्य करने की विधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

कलेक्टर कार्यालय द्वारा स्पष्ट किया गया है कि सभी नामांकित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करना सुनिश्चित करना होगा। यह प्रशिक्षण जनगणना 2027 की सफलता के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे प्रशिक्षण में भाग लेकर आगामी जनगणना कार्यों को प्रभावी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में सहयोग प्रदान करें।

### प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी (बीएलसी) घटक प्रारंभिक प्रथम सूची का प्रकाशन

**मण्डला।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी (बीएलसी) घटक 2.0 अंतर्गत भूमिहीन आवेदकों को मध्यप्रदेश नगरीय क्षेत्रों के भूमिहीन व्यक्ति (पटटाधृति अधिकरों का प्रदान किया जाना) अधिनियम 1984 के अंतर्गत आवासीय भूमि के पटटे के लिए आवेदकों की गठित दल द्वारा जांच की गई। जांच में 13 आवेदक पटटा के लिए पात्र एवं 11 आवेदक पटटा के लिए अपात्र पाये गये हैं। कुल 24 आवेदकों की प्रारंभिक प्रथम सूची का प्रकाशन किया गया है। जिसे कार्यालय कलेक्टर मण्डला, कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मण्डला, कार्यालय तहसीलदार तहसील मण्डला एवं कार्यालय नगर पालिका परिषद मण्डला के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। समस्त नागरिक उक्त सूची का अवलोकन कर 5 अप्रैल तक दावा/आपत्ति नगर पालिका परिषद मण्डला में जमा कर सकते हैं। उक्त अवधि के बाद किसी भी प्रकार के दावा/आपत्ति मान्य नहीं होंगे।

### लीगल एड डिफेंस काउंसिल के लिए आवेदन आमंत्रित

**मण्डला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम अंतर्गत एक रिक्त पद के लिए असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस रिक्ति के संबंध में विस्तृत जानकारी, आवेदन का प्रारूप आदि के संबंध में मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर की आधिकारिक वेबसाईट https://madhyapradesh.nalsa.gov.in एवं जिला न्यायालय मंडला की आधिकारिक वेबसाईट https://mandla.dcourts.gov.in/ पर उपलब्ध है।

# पुलिस अधीक्षक ने की मासिक अपराध की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

दिनांक 23/03/2026 को पुलिस अधीक्षक मंडला रजत सकलेचा के निर्देशन में पुलिस कंट्रोल रूम मंडला में मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में लंबित अपराधों के त्वरित, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण हेतु सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया। साथ ही थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी एवं अन्य स्टाफ को विभिन्न विषयों एवं माननीय उच्च न्यायालय के नवीनतम निर्णय के संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।




बैठक में एसडीओपी मंडला, एसडीओपी निवास, एसडीओपी बिछिया, एसडीओपी नैनपुर, डीएसपी (एलआर), सभी थाना/चौकी प्रभारी, रक्षित निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

पुलिस अधीक्षक द्वारा अधिकारियों को NDPS एक्ट से संबंधित अपराधों पर प्रभावी कार्यवाही, महिला एवं बाल अपराधों में संवेदनशीलता तथा साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु विशेष दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही प्रतिबंधात्मक कार्रवाई अधिक से अधिक करने के निर्देश भी दिए गए।

या ता या त जागरूकता के अंतर्गत PM राहत, 'राहवीर' योजना के प्रभावी प्रचार-प्रसार, कैशलेस इलाज सुविधा के बारे में आमजन को जागरूक करने तथा इसके बेहतर क्रियान्वयन हेतु निर्देशित किया गया।

माइक्रोबीट अधिकारियों को निर्धारित निर्देशों का अनिवार्य पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

सभी थाना/चौकी प्रभारियों को क्षेत्र के विशिष्ट स्थान एवं सरकारी गोदाम में CCTV कैमरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, रेडियो प्रभारी एवं डायल 112 प्रभारी को डायल 112 की प्रभावी उपलब्धता बनाए रखने तथा CCTNS में समयबद्ध जानकारी फीड करने के निर्देश दिए गए।

अपराध नियंत्रण हेतु नियमित गश्त, वाहन चेकिंग, निगरानी बदमाशों पर सतत कार्रवाई एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक पुलिसिंग को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया गया।

## उत्कृष्ट विद्यालय में हुए परीक्षा परिणाम घोषित

**भुआबिछिया।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुआबिछिया में आज स्थानीय कक्षा नवमी एवं ग्यारहवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम शाला प्राचार्या श्रीमती अरुणा दीक्षित द्वारा घोषित किया गया। जिसमें विद्यालय में कक्षा ग्यारहवीं में प्रथम संस्कार यादव, द्वितीय विवेक सैयाम, तृतीय अंकिता भांसत स्थान प्राप्त किया।



नवमी में प्रथम लवलीन कौर द्वितीय सरिता कुशराम तृतीय लक्ष्मी नरेती रहे। ग्यारहवीं विज्ञान संकाय में प्रथम संस्कार यादव, द्वितीय अंकिता भांसत, तृतीय संजना पट्टा, कला संकाय में प्रथम धर्मेंद्र यादव, द्वितीय ऊर्जा वरकड़े तृतीय सविता यादव, वाणिज्य संकाय में प्रथम विवेक सैयाम द्वितीय सिशोक धुर्वे एवं संतोष धुर्वे तृतीय कमलेश धुर्वे कृषि संकाय में प्रथम शिवलाल पट्टा द्वितीय शौर्य तृतीय कविता परते ने प्राप्त किया। नवमी बालक में प्रथम महेश उइके, द्वितीय शिवम दुबे, तृतीय तिलोक परते तथा नवमी बालिका में प्रथम लवलीन कौर, द्वितीय सरिता कुशराम,तृतीय लक्ष्मी नरेती ने स्थान प्राप्त किया। कक्षा और शाला में स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को एवं कक्षा में अधिकतम उपस्थिति वाले विद्यार्थियों मोनिका धुर्वे, आकाश उइके, सरिता कुशराम को भी पुरस्कृत किया गया। 24 से 30 मार्च 2026 तक नवमी एवं ग्यारहवीं कक्षा में प्रवेश प्रक्रिया चलेगी तथा एक अप्रैल से कक्षाएं प्रारम्भ होंगी।कार्यक्रम में पालक, शिक्षक शिक्षिकाये एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

**कार्यशाला** | **राहत कार्यों की रणनीतियों को सरल और व्यवहारिक तरीके से समझाया।**

# जिला स्तरीय आपदा एवं भूकंप प्रबंधन कार्यशाला

*** सही जानकारी और प्रशिक्षण से जनहानि और नुकसान को कर सकते कम।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिला योजना भवन में जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन एवं भूकंप प्रबंधन विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा की विशेष उपस्थिति में किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी प्रबंधन के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना रहा।



कार्यशाला के दौरान डिप्टी कमांडेंट एसडीआरएफ श्री हेमराज परस्ते ने आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों, बचाव तकनीकों एवं राहत कार्यों की रणनीतियों को सरल और व्यवहारिक तरीके से समझाया।

कार्यशाला की विशेषता लाइव डेमो रहा, जिसमें आपदा की स्थिति में कैसे प्रतिक्रिया देनी चाहिए, चोटिल व्यक्ति को कैसे सुरक्षित निकालना है ? इसका व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। इस दौरान भवन गिरने जैसी आपात परिस्थितियों में बरती जाने वाली सावधानियों पर विशेष जोर दिया गया। श्री हेमराज परस्ते ने बताया कि यदि किसी भवन के गिरने की आशंका हो या वह गिर जाए, तो घबराने के बजाय तुरंत सुरक्षित स्थान की ओर निकलना चाहिए। यदि बाहर निकलना संभव न हो तो मजबूत टेबल, डेस्क या दीवार के कोने के पास "ड्रॉप, कवर और होल्ड" की स्थिति अपनानी चाहिए। लिफ्ट का उपयोग नहीं करना चाहिए और सीढ़ियों का ही प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि सिर और गर्दन की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है, इसके लिए हाथ, बैग या किसी कठोर वस्तु का उपयोग किया जा सकता है।

उन्होंने मलबे में फंसने की स्थिति में अनावश्यक रूप से चिल्लाने या भागदौड़ करने से बचने, ऊर्जा बचाने और सहायता के लिए संकेत देने के तरीके भी समझाए। गैस, बिजली आदि के संभावित खतरे को देखते हुए सावधानी बरतने और प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि समय रहते सही जानकारी और प्रशिक्षण से जनहानि और नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने और आपदा प्रबंधन की तैयारियों को मजबूत करने के निर्देश दिए। कार्यशाला में अपर कलेक्टर राजेंद्र कुमार सिंह, समस्त एसडीएम एवं जिला स्तरीय अधिकारी और होमगार्ड का अमला मौजूद रहा।

## डंपर की टक्कर से मजदूर की मौत

*** आक्रोशित परिजनों ने किया राष्ट्रीय राजमार्ग 30 जाम मुआवजे की कर रहे मांग।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



सिझोरा के पास चारटोला टोलप्लाजा के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में तेज रफ्तार डंपर ने एक आदिवासी मजदूर को कुचल दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों के द्वारा एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिछिया भेजा गया जहां मरीज की हालत को देखते हुए जबलपुर मेडिकल हॉस्पिटल रेफर किया गया लेकिन रास्ते में ही घायल युवक ने अपना दम तोड़ दिया। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों एवं ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 30 टोल प्लाजा के पास जाम कर दिया। मामला 22 मार्च 2026 की सुबह लगभग 10 बजे का है, जब जबलपुर-रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिझौरा चारटोला टोल नाका के पास वन विभाग में मजदूरी करने जा रहा एक आदिवासी मजदूर तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आ गया। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। घटना से गुस्साए ग्रामीणों, आदिवासी समुदाय के लोगों और कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने आज सुबह सड़क पर चक्काजाम कर दिया और प्रशासन के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन और नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाइश देकर जाम खुलवाया। अधिकारियों ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने और पीड़ित परिवार को शासन की ओर से आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बकौरी, 11 जनपद पंचायत मण्डला**

पत्र क्र / ग्रा०प०/2026/ दिनांक 21/03/2026

// बाजार नीलामी सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बकौरी जनपद पंचायत मण्डला की बकौरी साप्ताहिक बाजार शनिवार वसूली हेतु वर्ष 2026-27 के लिए दिनाँक 28/03/2026 दिन शनिवार को दोपहर 01:00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत बकौरी में निम्नलिखित शर्तों में नीलाम किया जाना सुनिश्चित किया गया है- 01. बाजार की ठेका अवधि 01/04/2026 से 31/03/2027 तक रहेगा। 02. बोली लगाने वाले ठेकेदार को बोली लगाने के पूर्व रूपये 20,000 शब्दों में बीस हजार रूपये मात्र अमानत राशि जमा करना होगा। 03. नीलामी समाप्त होने के तत्काल बाद बोली की 50 प्रतिशत राशि एवं निर्धारित प्रथम किस्त की राशि जमा करना होगा। 04 सात दिवस के अदर ठेका की बकाया राशि जमा करना होगा। नीलामी मान्य करना या निरस्त करने का संपूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।

सचिव ग्राम पंचायत बकौरी — सरपंच ग्राम पंचायत बकौरी

### खबर संक्षेप

## झगड़े के दौरान बीच बचाव करने पर हुई मारपीट

गाडरवारा। समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम छैनाकछार निवासी गोंविद पिता बल्ला अहिरवार उम्र 28 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि पड़ोस के राजेश अहिरवार के यहा शादी कार्यक्रम में अपने पिता बल्ला के साथ गया था शादी से घर वापस आते समय घर के पास चबूतरा पहुंचे वहां अमाडा के रहने वाले कुछ लोग गांव वालों से झगड़ा कर रहे थे मैं,मेरे पिता लड़ाई में बीच बचाओ करने गया तो अमाडा के रहने वाले मीनू उर्फ दिनेश अहिरवार ने गंदी गंदी गालिया देते हुये कहा कि तू बीच बचाव कराने आया है और लाठी से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। वही गोवर्धन अहिरवार, रामचरण अहिरवार और हल्कोरी अहिरवार भी आ गये और उनके द्वारा भी मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। वही घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## जान से मारने की धमकी देते हुये पत्थर मारा

गाडरवारा। पुलिस थाने से मिली ज्ञानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम कौडिया निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने किसी काम से पुराने बस स्टेन्ड के पास गया हुआ था उसी दौरान चुग्गी नाका के पास रहने वाला भुयन कहार मिला और पुरानी बुराई को लेकर गंदी गंदी गालिया देते हुये पत्थर से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## पंचायत की सामग्री से छेड़छाड करने से रोका तो कर दी पिटाई

गाडरवारा। स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम खुरसीपार निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि वह पंचायत के अंतर्गत काम करता है। बीते हुये दिवस तला मुहल्ला के मुक्तिधाम की तराई कर रहा था उसी दौरान शराब के नशे में गांव का आकाश ठाकुर आया और पास में रखते हुये समान को तितर बतर करने लगा। जब प्रार्थी द्वारा उसे रोका तो आरोपी द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## छोटे भाई की पत्नी से की मारपीट

गाडरवारा। एमपीईबी कालोनी निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसके जेठ कोमल धानक द्वारा ससुर के मृत्यु प्रमाण पत्र की बात को लेकर प्रार्थिया को गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### बडे दुर्भाग्य की बात है कि आज तक इस नगर की जीवन रेखा को बचाने के लिये मैदानी तौर पर नहीं किये गये कोई ठोस प्रयास

# अपने आस्तित्व को बचाने के लिये संघर्ष करती हुई दिखाई देने लगी शक्कर नदी धारायें..







**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शहर की जीवन रेखा मानी जाने वाली शक्कर नदी इन दिनों अपनी दुर्दशा की कहानी बयॉ करने के साथ अपनी अंतिम सांसे लेते हुये आस्तित्व को बचाने के लिये जूझते हुये दिखाई देने लगी है.? यदि नगर की जीवन रेखा माने जाने वाली शक्कर नदी की सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस नदी से नगर की अनेक यादे जुडी होने के साथ साथ नगर का नाम भी रोशन करने से नही चूकती है। मगर हैरत की बात है कि आज तक इस नगर की धरोहर को बचाने के लिये शायद ही कभी किसी नेता को मैदानी तौर पर प्रयास करते हुये देखा गया हो..? यह बात अलग है कि कभी कभी नगर के कुछ समाजसेवी युवाओं द्वारा अपनी पहल करते हुये नदी की टूटती हुई सांसों को बचाने की सोच रखते हुये बोरी बंधान बनाते हुये जरूर देखा जाता रहा है..? मगर इस वर्ष इस तरह से किसी भी प्रकार के कोई प्रयास नही होने का परिणाम है कि अब यह नदी अपनी अंतिम सांसे लेते हुये नजर आने लगी और जल धाराये समटने के बाद कुछ दिनों के बाद हर साल की भांति बिदाई लेने की मुद्रा में पहुंचते हुये दिखाई देने लगी है..? कहने के लिये तो इस नदी में डेम निर्माण के लिये अनेकोबार सुना जा चुका है। मगर डेम निर्माण की घोषणा मात्र मंच तक ही सीमित रहते हुये उसके बाद भुला दिये जाने का परिणाम है कि शक्कर नदी पर डेम निर्माण की बात को सुनते हुये नगर के बच्चें अब जहां वृद्वा अवस्था में पहुंचने की कगार पर है और वह अपने बचपन से लेकर अभी तक हर वर्ष गर्मी का मौसम आते ही इस नदी को इसी तरह सांसे तोड़ते हुये देखते चले आ रहे है। नगर की जीवन रेखा माने जाने वाले शक्कर नदी दुर्दशा देखते हुए आज तक किसी के द्वारा इस नदी को पुनः उसी स्थिति में लौटाने के लिए प्रयास नही किये गये है जिसके चलते यह नदी अपनी दुर्दशा पर आसू बहाने के साथ धाराये समेटते हुए इस बार फिर दिखाई देने लगी है। नगर की पहचान माने जाने वाली इस शक्कर नदी में पैदा होने वाले तरबूजे, खरबूज पहले गर्मी के दिनों में शहरवासियों के पसंद थें। मगर अब स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि उन्हे उपजाने शक्कर नदी में गर्मी के मौसम में पानी ही नही बचता है तो फिर आखिरकार वह तरबूज व खरबूज कैसे पैदा होगे..? इसी तरह की सच्चाई इस वर्ष भी दिखाई देना शुरू हो चुकी है। कहने के लिये तो इस साल भी डंगरवारियॉ लगी है किंतु एका एक इस नदी का जल स्तर गिरने से उम्मीदे सजा डंगरवारियॉ लगाने वाले भी परेशान दिख रहे है। गौरतलब है कि प्रशासन की उदासीनता का परिणाम है कि नगर के उत्थान की यादे अपने आंचल में सॅजोने वाली नगर की शक्कर नदी अपने अस्तित्व को लेकर संकट से जूझने मजबूर हो गयी है? फिलहाल इस नदी के घाट पर जो गंदगी फैली है और उसकी दशा मे सुधार नही हो रहा है, उससे शहरवासी आशंकित है कि गाडरवारा शहर के गौरवशाली अतीत की साक्षी शक्कर नदी कहीं विलुप्त न हो जाए ..? शहर के अधिकतर निवासियों का कहना है कि नगर की धरोहर शक्कर नदी का सूखना चिंतित करने वाली बात है और यदि प्रभावी उपाय कर इस नदी के सौन्दर्य की रक्षा नही की गयी तो आने वाली नई पीढ़ी को नगर की एक विरासत से हाथ धोना पड़ेगा..? शहरवासियों के अनुसार शक्कर नदी का जलस्तर गिरना चिन्ता जनक है। गौर किया जावे तो इस नदी के रामघाट की मिट्टी पहले लोग शरीर पर लगा गर्मी के प्रचंड दिनों में शक्कर नदी में स्नान करने का सुख लेते थे पर शक्कर नदी का आकार्षण पहले जैसा नहीं रह गया है। बहरहाल जरूरी है कि शक्कर नदी की दुर्दशा की पड़ताल कर प्रशासन को ऐसे कदम उठाना चाहिए, जिससे शक्कर नदी का अस्तित्व सुरक्षित रह सके। इस संबंध में नगर के जागरूक लोगों का कहना है कि शहरवासी सौभाग्यशाली है कि उन्हे कभी जल संकट का सामना नही करना पड़ा है। मगर अब तो जलावर्धन योजना के तहत उनको नर्मदा जी का पानी भी उपलब्ध कराने के लिये भी व्यवस्था बन चुकी है। शक्कर नदी नगर की जीवन रेखा है पर उसकी सच्चाई यह है कि हमेशा उपेक्षित होती जा रही है, जिसमें प्रमुख रूप से गौर किया जावे तो इस नदी में जिस प्रकार से व्यापक पैमाने पर रेत उत्खनन करते हुए अनेक लोग माला माल हो चुके है और आज यह नदी लोगों के लिए सिर्फ एक यादगार के रूप में सामने नजर आ रही है..? जबकि नगर में हर वर्ष जहां करोड़ो के विकास कार्य हो रहे है तो दूसरी ओर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा भी क्षेत्र के विकास को लेकर करोड़ो रूपया की राशि मंजूर कराते हुये क्षेत्र को विकास की गति देने में कोई कसर नही छोड़ रहे है। मगर इस धरोहर को बचाने के लिये आज तक बड़े स्तर पर कोई प्रयास नही होने के कारण वह सदा ही दुर्दशा की शिकार होती चली जा रही है? जबकि गौर किया जावे तो क्षेत्र में देश का सबसे बड़ा माने जाने वाला उद्योग एनटीपीसी स्थापित है यदि जनप्रतिनिधियों द्वारा अपनी पूर्ण इच्छा शक्ति के साथ प्रयास किये गये होते तो निश्चित तौर से एनटीपीसी के सहयोग से इस शक्कर नदी पर डेम का निर्माण हो सकता था। मगर कहा जाता है कि जब किसी में इच्छा शक्ति ही नही होगी तो फिर यह सोच मात्र एक सपना ही साबित होने से नही चूक पायेगी..? जबकि देखा जावे तो क्षेत्र में एनटीपीसी के निर्माण से क्षेत्र विकास के नाम पर मात्र चंद भवनों का निर्माण होने के आलवा और कुछ ओर सौगाद शायद ही सूक्ष्मदर्शी से खोजने के बाद भी मिल पाये...?

## मातारानी की आराधना में डूबा संपूर्ण क्षेत्र, जहां तहां स्थापित देवी की प्रतिमायें बन रही आकर्षण का केन्द्र



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** चल रहे चैत्र नवरात्र पर्व के आखिरी दौर की ओर अग्रसर होने लगा है जिसके चलतें इन दिनों भक्ति भाव से माँ दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा, अर्चना एवं आरती करने वाली माताओं, बहिनों सहित पुरूषों को निश्चित ही कल सोमवार को चैत्र नवरात्र पर्व की पंचमी होने के अनेक जगहों पर चदेवा भेंट करते हुये उनकी अनोखे तरीके से पूजन किया गया। वही कल पंचमी के बाद छट्टे को शहर के माँ खेरापति मंदिर सहित अन्य सभी मंदिरों में माँ दुर्गा की प्रतिमाओं का तेज निखर उठा और मातारानी की आराधना, पूजन करने के लिए श्रद्वालुओं की अपार भीड़ देवी मंदिरों में उमड़ते हुए दिखाई दी। इसी प्रकार से नगर के घरों में भक्तों ने नवरात्र के चलते जहां देवी रूवरूपा कन्याओं के चरण छूने के बाद उन्हें भोजन कराते हुए पूजन करने की शुरूआत भी हो चुकी है। इस प्रकार से नगर के देवी मंदिरों में भी नगर कन्या भोज के आयोजन करने के बाद महिषासुर मर्दनी माँ भवानी के हबन, पूजन व महाआरती के साथ साथ विशेष अनुष्ठान संपन्न किये जाने की शुरूआत हो चुकी है। वही नगर के शक्ति चौक के पास स्थित ममतामयी दरबार में माँ दुर्गा की विशेष पूजन होने के बाद कन्याओं का पूजन का आयोजन किया गया तो इसी प्रकार से नगर के गायत्री शक्ति पीठ में भी अनेक प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुये। वही नगर के वन विभाग के पास स्थित देवी मंदिर तथा कांच मंदिर में विविध धार्मिक आयोजन संपन्न हुये और नगर में जहां तहां स्थापित किये गये जबारों के पूजन करने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे है। इसी प्रकार से छटवी के बाद कल सप्तमी से नवमी तक नगर के देवी मंदिरों में दुर्गा सामूहिक पाठ, फलाहारी प्रसाद वितरण किये जावेगे तथा नगर में अनेक जगहों पर धार्मिक गीत संगीत के कार्यक्रम आयोजित होगे। इस प्रकार से नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों जहां तहां स्थापित किये गये जबारों के दर्शनों के लिये प्रतिदिन भीड़ उमड़ते हुये देखी जा रही है। इसी प्रकार से ग्राम कौड़िया में स्थापित किये गये जबारे भक्तों के लिये आकर्षण का केन्द्र बने हुये है।

## शासन प्रशासन की उदासीनता के चलते गांवों में स्थिति पांरपारिक जल स्रोतो का अतिक्रमण की भेट चढ़ने से मिट रहा नामोनिशान...?

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इसे मॉ नर्मदा की कृपा का फल ही माना जाए कि शहर एवं क्षेत्र के गॉवों में वर्ष भर लोगों को भरपूर पानी नसीब होता रहता है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो गॉवों में भी नल जल योजना के तहत बनीं पानी की टंकियों के निर्माण होने से ग्रामो के निवासियों को कम ही पानी के लिए हायतौबा मचाने विवश होना पड़ता है? लेकिन जिस तरह विवाह के बाद दूल्हे की मौर नदी में विसर्जित कर उसे भुला दिया जाता है। उसी तरह इस समय देखा जा रहा है कि लगता है शासन-प्रशासन के साथ क्षेत्रवासियों ने उन प्राचीन कुओं, तालाब व बावाड़ियों की सुध बिसराना शुरू कर दिया गया है, जिनके जरिए वर्षो पूर्व प्यासे हजारो कंठ तृप्त होते रहे है। ज्ञातव्य है कि नगर ही नही क्षेत्र के कई गांवों में परम्परागत जल स्त्रोतो की उपेक्षा होने से उनका नामो निशान लगातार मिटता चला जा रहा है..? हकीकत यह है कि जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत देवरी मिढ़वानी का लगभग ढाई एकड़ भूमि का मालिक माने जाने वाले विशाल तालाब अतिक्रमण की भेंट चढ़ने के कारण एक तलैया के रूप में दिखाई देने लगा है। कुछ इसी प्रकार का हाल दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा की धरोहर माने जाने वाले तालाब को देखने मिल रहा है जिसके चारो ओर अतिक्रमण की बाढ़ आने



से वही अपने अस्तित्व को बचाने के लिये जूझता हुआ नजर आने से नही चूक रहा है। वही दूसरी कुछ इसी प्रकार का हाल गांव के वर्षो पुराने कुंआ का देखने मिल रहा है जिस पर लोगों द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण करते हुये उसके ऊपर लकड़ी रेखते हुये गंदगी फैलाई जा रही है या फिर मवेशियों को बांधते हुये उसकी सुन्दरता को ग्रहण लगाने से भी नही चूक पा रहे है जिसके चलते इस प्रकार से वर्षो पुराने पूज्यनीय माने जाने वाले यह परम्परागत स्रोत अपने आसितत्व को बचाने के लिये खुदे ही जूझते हुये देखे जा रहे है? उल्लेखनीय है कि क्षेत्र के अनुभवी बुजुर्ग अभी भी चाहते है कि कुंआ व तालाब सलामत रहे। मगर विडम्बना की बात है कि प्रशासन के साथ साथ स्वयं सेवी संस्थाएॅ पारंपारिक जल स्त्रोतों की सुरक्षा के मामले में उदासीन बनी हुई है? इस संबंध में हरिभूमि टीम से चर्चा करते हुए क्षेत्र के युवाओं का कहना है कि पर्याप्त पानी मिलने के दौरे में यह बात चिंता जनक है कि पारंपारिक जल स्त्रोतो की तरफ ध्यान न दिया जा रहा है। यदि वर्तमान में देखा जावे तो जरूरत इस बात की है कि इन परम्परागत जल स्त्रोतो को चिन्हित कर इनकी दशा में बदलाव लाने की पहल करना अति जरूरी हो गया है। क्योंकि इस प्रकार से पारंपारिक जल स्रोत के अनदेखी करना पूर्णरूप से अनुचित है? मगर जिस प्रकार से शासन प्रशासन से लेकर क्षेत्र के लोगों द्वारा इन पुराने जल स्रोत की अनदेखी कर रहे है। वही लोगों द्वारा अन्य जल स्रोतों को प्रदूषित करने से भी नही चूक रहे है। इस बात की सच्वाई इस समय ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक जगहों के कुआ में देखने मिल रही है इस वर्षो पुराने के में आज भी पानी है। मगर इन पुराने जल स्रोतों की ओर प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार से ध्यान नही दिये जाने के कारण वह पानी गंदा हो चुका है। यदि इस कुंआ में सुधार किया जावे तो यह क्षेत्र की धरोहर माने जाने वाले परम्परागत जल स्रोतों की फिर से सूरत बदली जा सकती है और वह आमजन के लिये उपयोगी साबित हो सकते है?

## पति पत्नी ने मिलकर महिला से की मारपीट

**गाडरवारा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस शहर के कोष्टी मुहल्ला निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मे संजय जाटव व उसकी पत्नी को अच्छे से जानती पहचानती हूं। बीते हुये दिवस दोनो पति पत्नि प्रार्थिया के घर आये और उसकी पत्नी बोली की तुम मेरे पति को बर्बाद कर रही हो। इसी बात को लेकर दोनों ने एक राय होकर प्रार्थिया को गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थिया की शिकायत पर आरोपी पति पत्नी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

# अलग अलग स्थानों से जप्त की गई अवैध शराब

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शराब के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये पुलिस द्वारा की जारही कार्यवाही के चलते बीते हुये दिनों पुलिस द्वारा नगर के कुचबंदिया मुहल्ला में एक महिला के पास से 15 लीटर व छोटू पिता लीलाधर कुशवाहा निवासी डोला बाबा के पास से 5 लीटर, राजीव पिता राजू के पास से 5 लीटर, डब्बल पिता कालूराम बंशकार निवासी राजीव वार्ड के पास से 5 लीटर तो विवेकानंद वार्ड निवासी अशोक पिता मंदू कहार के पास से 5 लीटर, रानू पिता दिनेश जैन जवाहर वार्ड के पास से 5 लीटर, सोनू पिता मुन्ना नौरिया चुग्गी नाका के पास से 5 लीटर व हल्के पिता रूपराम चौधरी निवासी माता वार्ड के पास से 5 लीटर तो संतोष पिता राधे श्याम कीर निवासी निरंजन वार्ड के पास से 5 लीटर व नगर के रायल्टी आफिस के पास गौरव पिता विजय नामक युवक के पास से 5 लीटर व निक्की पिता केसू चौधरी निवासी माता वार्ड के पास से 5 लीटर व विष्णु पिता विजय के पास से 15 लीटर व लेखराम पिता बड्डा धानक के पास से 15 लीटर, नगर के मवेशी बाजार में दामोदर पिता किच्ची कीर के पास से 40 पाव तथा नगर के पटैल वार्ड में सीताराम पिता प्रीतम कहार के पास से 5 लीटर कच्ची शराब व नगर के सुभाष वार्ड में कल्लू पिता विक्की कुर्मी निवासी राजीव वार्ड के पास से 5 लीटर, संतोष व राधे श्याम कीर के पास से 5 लीटर व माधव पिता गंगाराम धानक निवासी आजाद वार्ड के पास से 5 लीटर, तथा समीपस्थ ग्राम कामती में वही के निवासी छोटे लाल पिता कन्हैया लाल कौरव के पास से 30 पाव देशी, नगर के मटन मार्केट के पास कुर्मी



मुहल्ला में राजेश पिता बबलू कहार निवासी कौडिया के पास से 5 लीटर तो राजा पिता राम कुमार रजक के पास से 4 लीटर व नगर के विवेकानंद वार्ड में प्रकाश पिता श्याम लाल मांग के पास से 5 लीटर तथा हनुमान वार्ड में लेखराम उर्फ लख्खू पिता बड्डा धानक गरधा के पास से 5 लीटर, गनेश पिता खेत सिंह जाटव निवासी गरधा के पास से 5 लीटर तथा नगर के वायपास रोड पर घन श्याम पिता भीकम कीर निवासी ग्राम घूरपुर के पास से 30 पाव व नगर के पुराने बिजली आफिस के पास कामर्थ वार्ड में सुखराम पिता बाबू लाल कहार के पास से 5 लीटर कच्ची शराब तथा समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम अंजसरा में छगनलाल पिता हल्के प्रसाद जाटव के पास से 19 पाव देशी तथा ग्राम गरहा में वही के निवासी अनिल पिता सरमन यादव के पास से 20 पाव देशी व ग्राम भौरझिर में डालचंद पिता धनसिंह कौरव निवासी ग्राम सूरना के पास से 20 पाव देशी तथा राम सेवक पिता रामचरण जाटव के पास से 19 पाव मसाला तो ग्राम तिगुवा में वही के निवासी डालचंद पिता बालाराम किरार के पास से 18 पाव देशी प्लेन इसी प्रकार से ग्राम गरहा में वही के निवासी बकील पिता इमरत लाल किरार के पास से 37 पाव देशी व भगवानदास पिता कन्छेदी जाल श्रीवास के पास से 30 पाव देशी प्लेन तथा ग्राम गरहा में यशवंत पिता इमरत लाल पटैल के पास से 30 पाव देशी शराब तो सालीचौका चौकी पुलिस द्वारा वही के ठाकुर मुहल्ला में सौरभ पिता हेमंत ठाकुर निवासी ग्राम सहावन के पास से 16 लीटर तो ग्राम सहावन टोला में वही के निवासी राजू पिता हर प्रसाद वर्मा के पास से 34 पाव देशी तथा सहावन बाबई रोड पर संतोष पिता विश्राम पारधी के पास से 5 लीटर, ग्राम पचामा में गिरधारी पिता भगवत लोधी के पास से 25 पाव देशी तथा समीपस्थ चीचली थाने के अंतर्गत ग्राम मऊ घघरौला में हेमराज पिता छत्तर सिंह चौधरी कसे पास से 15 पाव व बारहाबड़ा में अंकित पिता दीवान बाथरे के पास से 30 पाव, समीपस्थ गांगई पुल के पास राजा बाबू पिता रमेश अहिरवार निवासी गांगई के पास से 23 पाव, ग्राम ढुरसरू में वही निवासी प्रेम नारायण पिता भोजराज कुशवाहा के पास से 15 पाव, ग्राम बारहाबड़ा में ब्रजेश पिता घनश्याम राजपूत के पास से 7 पाव, बस स्टेन्ड के पास दामोदर पिता किच्ची लाल कीर निवासी घूरपुर के पास 96 पाव,ग्राम बारहाबड़ा झामर रोड पर राहुल पिता अन्टू परधान के पास से 30 लीटर , रामस्वरूप पिता नन्हू परधान के पास से 7 लीटर कच्ची व सीतारेवा नदी पुल के पास हरिओम पिता आशाराम अहिरवार निवासी गांगई के पास से 38 पाव, नगर के स्टेडियम के पास धनराज पिता श्याम लाल मेहरा के पास से 10 पाव शराब जप्त की गई। इसी प्रकार से समीपस्थ डोगरगांव पुसिल थाने के अंतर्गत ग्राम खमरिया खेडा रोड पर वही के निवासी संतकुमार उर्फ हल्कू पिता पक्कू कहार के पास से 5 लीटर तो ग्राम भैरोपुर तिरहा के पास निशांत पिता राजकुमार ठाकुर के पास से 6 लीटर तथा ग्राम कुडारी में वही के विासी छोटू पिता बीरबल कीर के पास से 10 लीटर, ग्राम चोर बरहटा में भरत लाल पिता मानक लाल रजक के पास से 12 पाव, ग्राम डोगरगांव में सुमंत पिता नरेन्द्र कौरव के पास से 20 पाव व एनटीपीसी गेट क्रमांक 1 के पास मुबारिक पिता गफ्फार खान गोटीटोरिया के पास से 15 पाव, ग्राम बेलखेडी में अमित उर्फ गुड्डा पिता परषोत्तम शर्मा के पास से 5 लीटर तथा खडई टोला के पास बबलू पिता राम प्रसाद कहार के पास से 5 लीटर, मुंशीलाल पिता पिता सुम्मी कहार के पास से 5 लीटर, ग्राम डगहा में रमाकांत पिता प्रेम नारायण कौरव के पास से 20 पाव शराब जप्त की गई। इसी प्रकार से समीपस्थ सांईखेड़ा पुलिस थाने के अंतर्गत ग्राम पिपरिया कला मोड पर झलकन पिता नर्मदा प्रसाद प्रजापति के पास से 20 पाव व नगर के धूनी मंदिर मोड पर रामदास पिता हर चरण अहिरवार ग्राम धनौरा के पास से 18 पाव व नाग मडिया के पास अजमेर पिता संतोष ठाकुर मडगुला के पास से 19 पाव ग्राम बम्हौरी खुर्द में राजेन्द्र पिता भगवान दास यादव के पास से 22 पाव, रम्पुरा तिरहा के पास राजेश पिता बसोडी लाल बंशकार के पास से 13 पाव, ग्राम मेहरागांव में नरेन्द्र उर्फ बड्डु पिता श्रीलाल सिंह राजपूत के पास से 18 पावे, मुंआर में संतोष पिता तखत सिंह पटैल के पास से 21 पाव शराब जप्त करते हुये आरोपियों के खिलाफ 34 आवकारी एक्ट के तहत मामला कायम किया गया है।

## सांदीपनि विद्यालय में हुये स्थानीय परीक्षाओं के परिणाम घोषित

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** वोर्ड परीक्षाओं के उपरांत स्थानीय स्तर की वार्षिक परीक्षाओं के समापन उपरांत अब जहां छात्र छात्राओं द्वारा उनके परिणामों का इंतजार किया जा रहा है तो दूसरी ओर निजी शिक्षण संस्थाओं द्वारा स्थानीय स्तर के परीक्षा परिणाम घोषित करने की शुरूआत हो चुकी है। इसी प्रकार से बीते हुये दिनों सांदीपनी विद्यालय द्वारा भी स्थानीय स्तर के परीक्षा परिणामों की घोषणा की गई। बताया जाता है कि लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में स्थानीय सांदीपनि विद्यालय साईंखेड़ा में 23 मार्च को कक्षा 9वीं एवं कक्षा11वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। परिणाम घोषणा के अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावक भी उपस्थित रहे। इस तरह घोषित हुये परिणामों में कक्षा 11वीं में मानसी राजपूत ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर गौरव बढ़ाया। इसी कक्षा में कंचन सोनी द्वितीय एवं जिया नामदेव तृतीय स्थान पर रहीं। वही दूसरी ओर घोषित हुये कक्षा 9वीं में अंबिका लोधी ने प्रथम, प्रियांशी पटेल ने द्वितीय तो माधुरी पटेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया गया तथा संस्था का परीक्षा परिणाम का प्रतिशत रहा है। संस्था के प्रभारी प्राचार्य मनीष शंकर तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष विद्यालय का कक्षा 11वीं का परीक्षा परिणाम 88.18 प्रतिशत रहा, जबकि कक्षा 9वीं का परिणाम 84.8 प्रतिशत दर्ज किया गया। वही दूसरी ओर जिन विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम उनकी अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा है। उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है। ऐसे विद्यार्थियों के लिए मई माह में द्वितीय अवसर की परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा प्रभारी ओम जी कौरव ने बताया कि यदि कोई विद्यार्थी अपने अंकों की पुनर्गणना करवाना चाहता है तो वह 28 मार्च तक संकलन केंद्र अधिकारी के पास अपना आवेदन जमा कर सकता है। वही दूसरी ओर प्राथमिक एवं माध्यमिक विभाग में उत्साह का माहौल देखने मिल रहा है। प्राथमिक विभाग के परीक्षा परिणामों की घोषणा के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नन्हे विद्यार्थियों को पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं माध्यमिक विभाग के सफल विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप पेन भेंट किए गए।

### नाम परिवर्तन सूचना

अभिषेक तिवारी पिता जी. पी. तिवारी निवासी एम.पी.ई.बी. कालोनी गाडरवारा, तह. गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर (म.प्र.) द्वारा शपथ पत्र प्रस्तुत करते हुये बताया है कि मेरे आधार कार्ड एवं पेन कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम अभिषेक तिवारी पिता जे. पी. तिवारी दर्ज है। तथा ड्राईविंग लाईसेंस में मेरा नाम अभिषेक कुमार तिवारी पिता जे. पी. तिवारी दर्ज है जो गलत है। अत: मेरा सही नाम अभिषेक तिवारी पिता जे. पी. तिवारी है। मेरे ड्राईविंग लाईसेस में मेरा सही नाम अभिषेक तिवारी पिता जे. पी. तिवारी दर्ज किया जावे। तथा मुझे अभिषेक तिवारी पिता जे.पी तिवारी के नाम से ही जाना व पहचाना तथा लिखा व पढ़ा जावे।

शपथ कर्ता
अभिषेक तिवारी पिता जे.पी. तिवारी
निवासी- एम. पी. ई. बी. कालोनी
गाडरवारा, तहसील-गाडरवारा
जिला - नरसिंहपुर (म. प्र.)

दिल्ली पब्लिक
इंटरनेशनल स्कूल गाडरवारा
CBSE बोर्ड आधारित, DPIS Org. नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक
DPIS
प्रवेश प्रारंभ
विवेकानंद वार्ड, शनि मंदिर के पास, साईंधाम कॉलोनी, गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर
Mob.: 903 9230 199, 722 4021199 Email- dpsgadarwara@gmail.com

**खबर संक्षेप**

## जनपद पंचायत बजाग क्षेत्र में निर्माण कार्यों का निरीक्षण समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश



**डिंडौरी।** जनपद पंचायत बजाग के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान ग्राम गाड़ासरई में निर्माणाधीन सुदूर सड़क ग्राम बरसोद में सुदूर सड़क और फिश पार्लर तथा ग्राम लालपुर और धनौली में बन रही सुदूर सड़कों का जायजा लिया गया।निरीक्षण के दौरान ग्राम धनौली में निर्माणाधीन नवीन ग्राम पंचायत भवन का भी अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने सभी कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर सहायक यंत्री उपयंत्री सचिव और रोजगार सहायक मौजूद रहे। निरीक्षण दल ने निर्माण कार्यों में तेजी लाने और गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

## जमुना दादर के वनों में लगी भीषण आग पर पाया गया काबू

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक के समीप स्थित जमुना दादर के सघन वनों में सोमवार को अचानक आग लगने से क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति उत्पन्न हो गई। लपटें धीरे-धीरे फैलते हुए वन क्षेत्र को अपनी चपेट में लेने लगीं, जिससे पर्यावरण एवं वन्य जीवों के लिए गंभीर संकट खड़ा हो गया। सूचना मिलते ही बजरंग दल के कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण तत्काल सक्रिय हुए और सामूहिक प्रयासों से आग पर काबू पाने का सराहनीय कार्य किया। उनकी सजगता एवं तत्परता के चलते एक बड़ी अनहोनी टल गई तथा आग को समय रहते नियंत्रित कर लिया गया। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड मंत्री अभिषेक पांडे, प्रखंड संयोजक बंटी थापा, बजरंग दल के सक्रिय कार्यकर्ता सुमित पनारिया, तामेश्वर अरमौर सहित अनेक स्थानीय नागरिक मौके पर उपस्थित रहे और आग बुझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वन क्षेत्र में आग लगने के पीछे असामाजिक तत्वों की संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा सकता। साथ ही, बीड़ी-सिगरेट पीने वालों की लापरवाही भी इस प्रकार की घटनाओं का एक प्रमुख कारण बन रही है। सूखी पत्तियों एवं तेज हवाओं के कारण आग तेजी से फैलती है, जिससे स्थिति और अधिक भयावह हो जाती है। स्थानीय जनों ने प्रशासन से मांग की है कि वन क्षेत्रों में निगरानी व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। वनों की सुरक्षा केवल प्रशासन की ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है इस भावना के साथ लोगों से अपील की गई है कि वे जंगलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें और पर्यावरण संरक्षण में अपना सक्रिय योगदान दें।

## एनआईटीटीटीआर अहमदाबाद से प्रशिक्षण लेकर आए प्रशिक्षणार्थी

**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** शासकीय महाविद्यालय राजनगर में समाजशास्त्र विभाग में कार्यरत डॉक्टर पूनम वैश्य को राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षण प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान भोपाल द्वारा एनआईटीटीटीआर एक्सटेंशन सेंटर अहमदाबाद गुजरात में आयोजित पांच दिवसीय उद्यमिता और स्टार्टअप विषय पर प्रशिक्षण 16 से 20 मार्च के मध्य प्राप्त किया गया। उद्यमिता के क्षेत्र में यह प्रशिक्षण स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर को दिया गया नई शिक्षा नीति में स्किल के विकास पर जोर दिया जा रहा है। एनआईपी के क्रियान्वयन का मूल उद्देश्य है। युवाओं को रोजगार मूलक बनाना है। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण को प्राप्त करने पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील भोंसले, लाइब्रेरियन डॉक्टर अनुसूया प्रसाद रजक, एवं समस्त स्टाफ एवं परिवार जनों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में समय सीमा बैठक संपन्न, योजनाओं की प्रगति की समीक्षा






**डिंडौरी।** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित शासकीय योजनाओं विकास कार्यों और जनहित से जुड़े प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की गई। इस दौरान जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को सम्मानित किया गया। तहसीलदार भरत सिंह वट्टे नायब तहसीलदार आशुतोष मिश्रा एतेजलाल धुर्वे एशशांक शेण्डेए सुंदर लाल यादव सीईओ जनपद पंचायत प्रमोद कुमार ओझा आबकारी उप निरीक्षक सम्हर सिंह धुर्वे योजना अधिकारी अभिषेक बंसल एलडीएम रविशंकर कनिष्ठ अभियंता राहुल श्रीवास श्रीकांत सिद्धे कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी नितिन जायसवाल सहायक आपूर्ति अधिकारी जयंत असराटी समीम खान तथा सीडीपीओ विपिन डेहरिया को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। डी ग्रेड और सी ग्रेड वाले विभागों को सैनिक कल्याण निधि में निर्धारित राशि जमा करने के निर्देश दिए गए।कलेक्टर ने प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत किसानों को सौर ऊर्जा से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने पर जोर दिया। एसडीएम और तहसीलदारों को पात्र किसानों की सूची तैयार कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने के लिए जनपद पंचायतों और ग्रामीण यांत्रिकी विभाग को नियमित निरीक्षण कर निर्माण कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए। साथ ही ग्राम स्तर पर बैनर और चौपाल के माध्यम से जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और शपथ दिलाने को कहा गया।उप संचालक कृषि को रबी उपार्जन का सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। नगर परिषद शहपुरा में निर्माणाधीन डिवाइडर कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने और डीपीआर के अनुरूप कार्य नहीं होने पर संबंधित एजेंसी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।बैठक में अग्निवीर भर्ती योजना के तहत 1 जून से 15 जून 2026 तक ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया संचालित होने की जानकारी दी गई। पात्र अभ्यर्थियों की आयु 17 वर्ष 6 माह से 22 वर्ष निर्धारित की गई है। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए उनका शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए और लापरवाही पर सख्ती की चेतावनी दी।मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह कार्यक्रमों की तिथियां घोषित की गईं। 20 अप्रैल को करंजिया और बजाग 28 अप्रैल को डिंडौरी 7 मई को शहपुरा और 14 मई को अमरपुर और समनापुर में आयोजन किया जाएगा। पात्र हितग्राहियों को सामाजिक न्याय विभाग से संपर्क कर योजना का लाभ लेने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को स्कूलों और शिविरों के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण और एचवीसी टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभ मिल सके।बैठक में न्यायालयीन प्रकरण समग्र आईडी ई केवाईसी सीपी ग्राम पीएम जनमन योजना स्वच्छ भारत मिशन स्कूलों में शौचालयों की सफाई नगरीय निर्माण कार्यों की प्रगति और राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की गई। बंटवारा सीमांकन नामांतरण नक्शा तरमीम फौती नामांतरण फार्मर रजिस्ट्री और राजस्व वसूली के कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए।

# बजाग ब्लॉक में हर सोमवार विशेष स्वास्थ्य शिविर से ग्रामीणों को मिल रही राहत



**डिंडौरी।** जिले के बजाग विकासखंड में स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक सोमवार उप स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों के जरिए ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ और प्रभावी बनाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को सुकुलपुरा और लालपुर में शिविर आयोजित किए गए जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर जांच कराई।शिविरों में एनसीडी स्क्रीनिंग सिकल सेल जांच एएनसी जांच टीबी जांच नियमित टीकाकरण सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा मरीजों को आवश्यक परामर्श भी दिया गया। वहीं ग्राम खम्हेरा न्यू विलेज बिजोरा और बजाग क्षेत्र में भी स्वास्थ्य अमले ने पहुंचकर एएनसी जांच एनसीडी स्क्रीनिंग और टीबी जांच की। इस दौरान गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य शिक्षा दी गई और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को लेकर विशेष रूप से जागरूक किया गया।स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इन शिविरों का उद्देश्य ग्रामीणों को उनके घर के नजदीक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना बीमारियों की समय पर पहचान सुनिश्चित करना और जनजागरूकता बढ़ाना है।स्थानीय ग्रामीणों ने शिविरों का लाभ उठाते हुए स्वास्थ्य परीक्षण कराया और इस पहल को उपयोगी बताते हुए स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों की सराहना की।



## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कलश यात्रा और रैली आयोजित

**अमरपुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड अमरपुर के अंतर्गत चयनित नवांकुर संस्था उत्थान सेवा संस्थान समिति अलोनी के तत्वावधान में सेक्टर क्रमांक 04 मोहनझिर के ग्राम बिलासर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कलश यात्रा और रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पीपल के वृक्ष का विधि विधान से पूजन किया गया तथा जल ही जीवन है विषय पर विस्तार से जानकारी दी गई।इस अवसर पर नवांकुर संस्था प्रभारी गणेश केवर्थ परामर्शदाता लाल सिंह ठाकुर शिक्षक गंगाराम ठाकुर टेक सिंह ठाकुर गणेश सिंह राजपूत अनु मरावी पुष्प लता परते सीएमसीएलडीपी छात्र कृष्ण कुमार ठाकुर ज्योति सत्यवती ठाकुर तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती ज्योति बाई ठाकुर उपस्थित रहीं।कार्यक्रम में जनपद सदस्य एवं प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष रामकिशोर धरम सिंह ठाकुर अश्वनी कुमार ठाकुर राधेश्याम ठाकुर लाल कृष्ण ठाकुर दान सिंह ठाकुर सहित प्रस्फुटन समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

## डिंडौरी में खेल गतिविधियों को सुदृढ़ बनाने समीक्षा बैठक संपन्न



**डिंडौरी।** शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे की अध्यक्षता में जिले में खेल गतिविधियों को मजबूत बनाने और उनके प्रभावी संचालन के उद्देश्य से खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में वार्षिक खेल बजट की समीक्षा करते हुए विभिन्न विकासखंडों में संचालित खेल गतिविधियों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। ग्राम पंचायत स्तर पर कबड्डी खो वॉलीबॉल तीरंदाजी और क्रिकेट टीमों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा उनकी ग्रामवार सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए।बैठक में ब्लॉक समन्वयक शिक्षा विभाग के पीटीआई और खेल परिसर के प्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्रों की गतिविधियों की जानकारी दी। पंखुड़ी गतिविधि पर चर्चा करते हुए विकासखंड शहपुरा में भी एक केंद्र प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग ने आगामी माह में शहपुरा में निःशुल्क कोचिंग कक्षाएं शुरू करने का आश्वासन दिया।खेल परिसरों और संबंधित प्रस्तावों की स्थिति पर भी विचार किया गया। विधायक ने ग्राम पंचायत विकासखंड और विद्यालयों में स्थापित जिम मशीनों की सूची तैयार करने तथा मरम्मत योग्य उपकरणों को ठीक कर खिलाड़ियों के उपयोग के लिए उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। आवश्यकता होने पर विधायक निधि से सहयोग देने की बात कही गई।उन्होंने स्टेडियम शहपुरा बिरसा मुंडा बजाग और मेंहदवानी के मरम्मत कार्य के लिए स्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए ताकि खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।
ब्लॉक समन्वयकों द्वारा कार्यालय भवन की मांग पर विधायक ने उपलब्ध शासकीय भवनों के उपयोग और कलेक्टर से समन्वय के माध्यम से व्यवस्था करने की बात कही जिससे खेल उपकरणों का सुरक्षित रखरखाव सुनिश्चित हो सके।बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा सूबेदार कुंवर सिंह डीएसपी पुरषोत्तम सिंह सहित खेल विभाग के अधिकारी कर्मचारी और खेल शिक्षक उपस्थित रहे।

# मांझी जनजाति संयुक्त संघर्ष समिति अमरपुर ने मनाई निषादराज जयंती



**अमरपुर।** ब्लॉक मुख्यालय अमरपुर में चैत्र शुक्ल पंचमी के अवसर पर मांझी समाज के आराध्य भगवान श्रीराम के परम सखा राज निषादराज महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन मध्य प्रदेश जनजाति संयुक्त संघर्ष समिति अमरपुर तथा समाज के लोगों द्वारा किया गया। इस दौरान विधि विधान से पूजा अर्चना की गई।कार्यक्रम के बाद रैली निकाली गई और प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम जिला कलेक्टर एसडीएम और तहसीलदार अमरपुर को मांग पत्र सौंपा गया। मांग पत्र में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 8 अप्रैल 2023 को मांझी समाज से किए गए वादों को पूरा करने की मांग की गई। इसमें मध्य प्रदेश की पिछड़ा वर्ग सूची में क्रम 12 से विलोपन का आदेश जारी करने और 01 जनवरी 2018 के आदेश में संशोधन करने की बात कही गई। साथ ही जिन अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ फर्जी जाति प्रमाण पत्र की जांच चल रही है उसे तुरंत बंद करने की मांग रखी गई। मछुआ नीति 2008 में बिना सहमति किसी भी प्रकार का संशोधन न करने तथा संशोधन की स्थिति में समिति के प्रतिनिधि को शामिल करने की मांग भी की गई।कार्यक्रम के अंत में सभी पदाधिकारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को मिष्ठान वितरण कर समापन किया गया।इस अवसर पर ब्रजेश बर्मन संतोष राजस्ते गोरी शंकर बर्मन गंगा प्रसाद बर्मन राजा राम बर्मन पार्वती बरमैया विजय बर्मन राम सिंह नंदा रिंकू बर्मन सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अवैध नलकूप खनन पर प्रशासन सख्त सूचना देने वाले नागरिक का सम्मान

**डिंडौरी।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देश पर जिले में बढ़ती गर्मी और जल संकट को देखते हुए डिंडौरी को जल अभावग्रस्त घोषित किया गया है। जिला प्रशासन ने बिना अनुमति नए नलकूप खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। इसके बावजूद अवैध खनन की सूचना देने वाले नागरिकों को प्रोत्साहित करने के लिए कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया द्वारा पहल की जा रही है।इसी क्रम में ग्राम अमरपुर निवासी परिवर्तित नाम मुकेश कुमार ने बिना अनुमति नलकूप खनन की सूचना प्रशासन को दी। सूचना के आधार पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और वन विभाग की संयुक्त टीम ने जांच की जिसमें मामला सही पाया गया। इस सराहनीय कार्य के लिए कलेक्टर ने मुकेश कुमार को एक हजार रुपये का चेक देकर सम्मानित किया।कलेक्टर ने आमजन से अपील की है कि कहीं भी अवैध नलकूप खनन की जानकारी मिलने पर तुरंत प्रशासन को



सूचित करें ताकि संबंधित व्यक्तियों और कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड अमरपुर के ग्राम पिपरिया छिन्दा टोला में महेन्द्र वास्पे की निजी भूमि पर बिना अनुमति बोर मशीन से 17 मार्च 2026 को नलकूप खनन किया जा रहा था। लगभग 40 फीट खुदाई के बाद मशीन संचालक मौके से फरार हो गया। इस मामले में पीएचई विभाग ने संबंधित वाहन मालिक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। भूमि स्वामी ने बताया कि कृषि विभाग में आवेदन दिया गया है लेकिन राजस्व विभाग से नलकूप खनन की वैध अनुमति प्राप्त नहीं की गई थी।इसी तरह 19 मार्च 2026 को विकासखंड अमरपुर के वनग्राम झरना घुघरी में हीरा सिंह की वन अधिकार भूमि पर दो वाहनों के माध्यम से अवैध नलकूप खनन किया जा रहा था। वन विभाग की टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए पुलिस चौकी अमरपुर में प्रकरण दर्ज कराया और विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जल संरक्षण को ध्यान में रखते हुए अवैध नलकूप खनन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्यों की समीक्षा कर दिए निर्देश

## कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

सोमवार को कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश सहित विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्रीमती सिंह ने संकल्प से समाधान एवं सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने श्रम विभाग की संबल योजना, धरती आबा योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।





### समय सीमा में किया जाए जनगणना कार्य

कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने निर्देशित किया कि जनगणना का कार्य निर्धारित समय सीमा में किया जाए। समय सीमा में किसी भी प्रकार का विस्तार व परिवर्तन संभव नहीं है। जनगणना किसी देश में एक निश्चित समय पर प्रत्येक परिवार एवं प्रत्येक व्यक्ति की आधिकारिक पूर्ण गणना है, जिसमें उनके जनसांख्यिकीय, आर्थिक एवं सामाजिक आंकड़े शामिल होते हैं, अतरू इसमें सावधानी से कार्य करना बहुत आवश्यक है। समस्त फील्ड ट्रेनर्स गहनता एवं सूक्ष्मता से प्रशिक्षण प्राप्त करें, ताकि मैदानी स्तर पर जनगणना के कार्य के लिए नियुक्त प्रगणकों की संकाओं का समाधान किया जा सके।

### जल स्रोतों का करें संरक्षण एवं पुनर्जीवन

बैठक में कलेक्टर श्रीमती सिंह ने जल गंगा संवर्धन अभियान एवं जल संचय-जन भागीदारी 2.0 के तहत जल संरक्षण एवं संवर्धन कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि अभियान को जन-आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाते हुए अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि वर्षा पूर्व सभी आवश्यक जल संरचनाओं जैसे सोकता गड्ढा, तालाब, चेकडैम एवं जल स्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के कार्य प्राथमिकता से पूर्ण किए जाएं। साथ ही ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जल के प्रति जनजागरूकता बढ़ाई जाए, जल की हर बूंद सहेजने का संदेश प्रभावी रूप से जन-जन तक पहुंचे। कलेक्टर ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति की समीक्षा करते हुए सीएसआर फंड के माध्यम से विकास कार्यों को गति देने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें तथा आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण प्राथमिकता से करें।

### मकान सूचीकरण का दिया जा रहा प्रशिक्षण

जनगणना 2027 के प्रथम चरण यथा मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के लिए फील्ड ट्रेनर्स के प्रथम बैच का प्रशिक्षण 23 मार्च से 25 मार्च 2026 तक जनपद पंचायत नरसिंहपुर के परिसर में स्थित ई-दक्ष केन्द्र में आयोजित किया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में जिले के मास्टर ट्रेनर्स भगवानदास कोष्टी एवं गजेन्द्र कुमार सिंह द्वारा फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना 2027 के लिए मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इसी परिपेक्ष्य में फील्ड ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण उपरांत चार्ज स्तर पर नियुक्त प्रगणकों एवं सुपरवाईजर्स को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती देवंती परते, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी सुश्री लता बान, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी विकास तिवारी एवं जनगणना प्रभारी सुश्री पाटीदार, ई-दक्ष केन्द्र के प्रशिक्षक और प्रशिक्षणार्थी मौजूद थे।

### जल संरक्षण व संवर्धन का दिया संदेश

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान नवांकुर संस्था जय ज्वाला शिक्षा प्रचार-प्रसार समिति द्वारा जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम के तहत नरसिंहपुर नगर स्थित शिव मंदिर में प्याऊ की स्थापना कर उसका संचालन प्रारंभ किया गया। इसका उद्देश्य बढ़ती गर्मी के मौसम में राहगीरों एवं श्रद्धालुओं को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना तथा जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जनजागरूकता फैलाना रहा। इस अवसर पर वृक्ष पूजन, आरती एवं भजन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से जल एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रभावी रूप से प्रसारित किया गया।

## खबर संक्षेप

### युवा संसद में पल्लवी का प्रभावी उद्बोधन



तेंदूखेड़ा। विगत दिवस भारत सरकार खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय द्वारा आयोजित यूथ पारिलियामेंट युवासंसद में नरसिंहपुर से चयनित तेन्दूखेड़ा निवासी पल्लवी मोदी द्वारा विधान सभा मे विकसित भारत वर्ष 2026 भारत सरकार के वजट विषय पर प्रभावी भाषण दिया। प्रदेश के सभी जिलों से लगभग 200 से अधिक युवाओं ने भाग लिया। पल्लवी के प्रभावी उद्बबोधन ने नरसिंहपुर जिले को गौरान्वित किया है।

### धूमधाम से संपन्न हुई देवी जी प्राण प्रतिष्ठा



तेंदूखेड़ा। शक्ति साधना के महापर्व चैत्रीय नवरात्रि पर्व को लेकर संपूर्ण क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना हुआ है। इसी के चलते वार्ड क्रमांक 01 में स्थित रिपटा वालों के फार्म हाउस परिसर में बीजासेन देवी जी की प्राण प्रतिष्ठा समारोह पूर्वक संपन्न हुई। कलशयात्रा से लेकर प्राण प्रतिष्ठा तक जलाधिवास अन्नवास फल मिष्ठान फूलाधिवास तक विधिवत प्रतिष्ठाचार्य पं विनोद बाजपेई द्वारा संपन्न कराया गया।

### रामकुमार ठाकुर जिला अध्यक्ष बने



तेंदूखेड़ा। विगत दिनों भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिंह तेकाम द्वारा नरसिंहपुर जिले के प्रतिष्ठित एवं स्वतंत्रता आंदोलन में अपनी महती भूमिका निभाने वाले शहीद डेलनशाह नरवरशाह जी के वंशज ठा रामकुमार सिंह को अनुसूचित जनजाति मोर्चा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।इनकी नियुक्ति पर क्षेत्र के सभी वर्गों के लोगों ने अपनी शुभकामनाएं बधाईयां प्रेषित की हैं।

### गोटेगाँव में "संकल्प से समाधान" कार्यक्रम आयोजित, मौके पर ही समस्याओं का निराकरण

गोटेगाँव। जनपद पंचायत गोटेगाँव में "संकल्प से समाधान" कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में माननीय विधायक श्री महेन्द्र नागेश जी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।इस दौरान श्री दादूराम पटैल (जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि), श्री देवदत्त पचौरी (सरपंच संघ अध्यक्ष), श्री भगवत सिंह पटैल (मंडल अध्यक्ष), श्रीमती संघमित्रा गौतम, अनुविभागीय अधिकारी गोटेगाँव, तहसीलदार श्री नीरज तखरया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सत्येन्द्र सालवार एवं दीक्षा जैन (मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत गोटेगाँव) सहित जनपद सदस्यगण एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने राजस्व, पेंशन, राशन, बिजली, पानी एवं सड़क से संबंधित समस्याएँ प्रस्तुत कीं। कई समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष मामलों के लिए संबंधित विभागों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए।विधायक श्री महेन्द्र नागेश जी ने कहा कि "संकल्प से समाधान" कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को त्वरित एवं पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराना है, जिससे लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे आमजन की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहकर समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें।

# सांदीपनि विद्यालय में सतत जीवन शैली कार्यशाला सम्पन्न




हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (ऐपको), पर्यावरण विभाग मध्यप्रदेश शासन भोपाल तथा पर्यावरण वन एवं जलवायु मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के मार्गदर्शन में शिक्षण सत्र 2025-26 के अंतर्गत किसलय इको कलब सांदीपनि एस. डी. एम. शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विधालय, नरसिंहपुर द्वारा विगत दिवस 23 मार्च को सतत जीवन शैली कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य प्रभात कुभार मिश्रा द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पर्यावरण शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओ को अनुपयोगी सामान से दैनिक जीवन में उपयोगी वस्तुओं वालहैंगिंग, कोलॉज, घोंसला, ऊनी वस्त्र, डोरमेर, पेन स्टेण्ड तथा इलेक्ट्रानिक सी. डी. से विभिन्न उपयोगी वस्तुओं को तैयार करने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। उससे पूर्व 18 मार्च को प्रकृति भ्रमण के अंतर्गत विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूकता तथा पर्यावरण एवं वृक्षों के प्रति संवेदनशीलता हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण पर केन्द्रित प्रश्नावली का आयोजन किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के अंतर्गत विजेताओं को शील्ड एवं प्रमाण पत्र वितरित किये गये। कार्यक्रम का संचालन इको क्लब-प्रभारी श्रीमती माधुरी गर्ग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शाला परिवार से मुकेश चैपड़ा, पारूल साहू, सपना शर्मा, सुनील सोनी, सुरेन्द्र पटेल, मधु विश्वकर्मा, सुषमा सराठे, चंचल तिवारी, सविता विश्वकर्मा, दीपेश नेमा सहित समस्त विद्यालय परिवार का सक्रिय योगदान रहा।



### सांदीपनि विद्यालय का परीक्षा परिणाम घोषित

नरसिंहपुर। सांदीपनि विद्यालय नरसिंहपुर के प्राचार्य ने बताया कि सभी स्थानीय परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम संस्था में 23 मार्च 2026 को घोषित कर दिये गये है। उन्होंने बताया कि प्राथमिक और माध्यमिक में स्थानीय परीक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा 9 वीं का परीक्षा परिणाम 94 प्रतिशत, कक्षा 11 वीं के सभी संकायों का कुल परिणाम 99.16 प्रतिशत रहा। सांदीपनि एसडीएम शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 3, 4, 6, 7 9 व 11 वीं का परीक्षा परिणाम 23 मार्च 2026 को घोषित किया। इनमें कक्षा 11 की सभी छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण घोषित हुई। कक्षा 9 वीं की छात्रा दाक्षी नेमा 94.7 प्रतिशत, श्रेया पटवा 93.2 प्रतिशत व नम्रता साहू ने 90.8 प्रतिशत के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की। कक्षा 11 वीं के कला संकाय में दिव्यांका लोधी 95 प्रतिशत, प्रतीक्षा रेखा गोस्वामी 85.4 प्रतिशत व गायत्री कुशवाहा ने 85 प्रतिशत के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की। विज्ञान संकाय में नंदनी साहू 88.2 प्रतिशत, विशाखा लोधी 85 प्रतिशत व प्रियंका मेहरा ने 84 प्रतिशत के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की वहीं कामर्स संकाय में यातिमा देवी 83.8 प्रतिशत, चहक रुसिया 83.6 प्रतिशत व पलक नामदेव ने 80.4 प्रतिशत के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की।

# श्री शारदा शक्तिपीठ में उमड़ रहा आस्था का सैलाब

## 52 वर्षों से अनवरत प्रज्वलित है अखंड ज्योत



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। जिला मुख्यालय से 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम धुपघट का प्रसिद्ध देवी शक्तिपीठ श्री शारदा मंदिर इन दिनों श्रद्धा और भक्ति का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर यहाँ बड़ी संख्या में श्रद्धालु जवारों के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुँच रहे हैं। मंदिर का इतिहास अत्यंत गौरवशाली है। मंदिर के सेवक मल्लू प्रसाद पंडा, जो मात्र 11 वर्ष की आयु से माता की सेवा में समर्पित हैं, बताते हैं कि वर्ष 1979 में यहाँ माँ भगवती की प्रतिमा की स्थापना की गई थी। प्रतिमा स्थापना से 6 वर्ष पूर्व एक खेत में अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई थी, जिसे 1980 में मंदिर के गर्भगृह में माँ शारदा के नाम से स्थापित किया गया। वर्तमान में माँ शारदा के नाम की यह अखंड ज्योत पिछले 52 वर्षों से और वर्ष 1990 में प्रज्वलित की गई माँ महाकाली की दूसरी ज्योत पिछले 42 वर्षों से अनवरत प्रज्वलित है। इस शक्तिपीठ की एक बड़ी विशेषता इसके गर्भगृह में स्थापित दस महाविद्याओं के यंत्र हैं। इन दुर्लभ यंत्रों के दर्शन हेतु देश के सुदूर क्षेत्रों से भी श्रद्धालु यहाँ खिंचे चले आते हैं। भक्तों की अटूट मान्यता है कि यहाँ मत्था टेकने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। शक्तिपीठ केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यहाँ परिसर में समय-समय पर विभिन्न सामाजिक सरोकार के कार्य भी संपन्न किए जाते हैं। पंडा जी ने जानकारी दी कि दोनों नवरात्रों में यहाँ विधि-विधान से जवारों की स्थापना की जाती है। इसी कड़ी में, इस वर्ष 27 मार्च 2026 को विशाल कन्या भोज एवं भंडारे का भव्य आयोजन किया जाएगा। नवरात्रि के अतिरिक्त भी यहाँ वर्ष भर भक्तों का तांता लगा रहता है, जो इस सिद्ध पीठ के प्रति जन-मानस की अगाध श्रद्धा को दर्शाता है।

# कॉलोनाइजर के खिलाफ थाने पहुंचे उपभोक्ता



तेंदूखेड़ा

तेंदूखेड़ा क्षेत्र में कोलोनाईजरों की मनमानी का दंश लगभग उपभोक्ता भोग रहें हैं।जिसे आये दिन शिकायतों का दौर आये दिन देखने को मिलता है।ऐसा ही एक मामला तेंदूखेड़ा के वार्ड क्रमांक 06 के आर्यन कोलोनाईजर के खिलाफ धोखाधड़ी ओर अनियिमिताओं के संबंध में पिछले दिनों कलेक्टर की जनसुनवाई से लेकर एस डी एम कार्यालय तहसील और पुलिस थाने में शिकायते की जा रही है। सोमवार को इसी कालोनी वासियों के द्वारा पुलिस थाने में जाकर लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए दंडात्मक कार्यवाही की मांग की गई है। शिकायत में उल्लेख किया गया है कि वार्ड कालोनी में प्लॉट रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय किया था जिसका भुगतान नगद किया था। विक्रय के समय कोलोनाईजर द्वारा पूर्ण विश्वास दिलाया था कि समस्त प्रकार की अनुमति सभी विभागों से करा रखी है ।मकान बनाने में कोई परेशानी नही होगी। उसके लिए कुछ दस्तावेज भी दिखाये थे। बुनयादी सुविधाएं सड़क पानी बिजली पार्क बाउन्ड्री बॉल आदि कार्य आज दिनांक तक नहीं किये है।अभी तक सरकारी विभाग में विकास शुल्क जमा नहीं किया है। इस कारण हमारे निर्माण कार्य और अन्य कानूनी कार्य रूके हुए हैं। कोलोनाईजर से संपर्क किया लेकिन उनके द्वारा कोई जबाब नही दिया गया। उनके टाल मटोल से यह स्पष्ट है कि उन्होनें उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी की है।अब जब उपभोक्ता सजग हुये और वस्तु स्थिति की तह तक पहुंचे तो की प्रकार के तथ्य खुलकर सामने आते चले जा रहे हैं। और भी नये तथ्य खुलकर सामने आयेंगे। पुलिस से मांग की गई है कि कोलोनाईजर के विरुद्ध उचित कानूनी कार्यवाही की जावें। मामले की निष्पक्ष जाँच कर आवेदन को न्याय दिलाया जावें।

# मॉक ड्रिल के साथ दिया गया व्यावहारिक प्रशिक्षण




हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। कलेक्टर एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की अध्यक्ष श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में पांच दिवसीय भूकंप पूर्व तैयारी एवं आपदा प्रबंधक दक्षता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को नगर पालिका परिषद नरसिंहपुर में किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में पांच दिवसीय 23 मार्च से 27 मार्च 2026 तक तक आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्रीमती देवंती परते और मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरसिंहपुर नीलम चैहान मौजूद थे। प्रशिक्षण के प्रथम घटक में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने आपदा प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने जिले में संभावित आपदाओं, विशेष रूप से बाढ़ जैसी परिस्थितियों से निपटने के लिए पूर्व तैयारी की आवश्यकता पर जोर दिया। इस सत्र में शासकीय पीजी कॉलेज नरसिंहपुर के भूगोल विभाग के डॉ. एस.के. उप्रेलिया ने प्रोफेसरों, स्कूल प्राचार्यों, एसडीईआरएफ, होमगार्ड, नगरपालिका एवं अन्य विभागों के अधिकारियों- कर्मचारियों को भूकंप आपदा जोखिम प्रबंधन के विषय में विस्तार से जानकारी दी। द्वितीय घटक के अंतर्गत जिला होमगार्ड के प्लाटून कमांडर वीरेंद्र सूर्यवंशी एवं एसडीईआरएफ होमगार्ड टीम द्वारा ध्वस्त संरचनाओं से बचाव के उपायों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही आग के प्रकार, अग्निशमन यंत्रों के प्रकार एवं उनके उपयोग, बाढ़ से बचाव तथा इम्प्रोवाइज्ड मेथड्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान आपदा प्रबंधन से संबंधित उपकरणों की प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, जिसमें कलेक्टर श्रीमती सिंह ने आपदा प्रबंधन में उपयोग होने वाले आधुनिक उपकरणों के उपयोग की जानकारी ली। इसके साथ ही ध्वस्त भवन होमगार्ड कार्यालय में मॉक ड्रिल कराकर आपदा के समय किए जाने वाले बचाव कार्यों का व्यावहारिक अभ्यास भी कराया गया।



### तुलसी इको क्लब द्वारा पर्यावरण संरक्षण की अनूठी पहल

नरसिंहपुर। गत दिवस तुलसी इको क्लब, रमखिरिया द्वारा पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न रचनात्मक एवं जागरूकता से भरपूर गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का सुंदर प्रदर्शन किया।कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने पक्षियों के लिए घोंसला निर्माण कर जीव-जंतुओं के संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण विषय पर आकर्षक ग्रीटिंग कार्ड बनाकर प्रकृति के महत्व को अभिव्यक्त किया। प्लास्टिक मुक्त वातावरण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए विद्यार्थियों ने कपड़े और कागज से थैले तैयार किए तथा इनके उपयोग के लिए लोगों को प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त स्टोन पेंटिंग गतिविधि के माध्यम से बच्चों ने प्रकृति के रंगों को पत्थरों पर उकेरते हुए अपने भीतर प्रकृति के प्रति जुड़ाव और सृजनात्मकता का अनुभव किया।

# भारत विकास परिषद् की नई कार्यकारिणी गठन



तेंदूखेड़ा

गत दिवस भारत विकास परिषद् शाखा तेंदूखेड़ा की नई कार्यकारिणी का गठन 02 साल के लिए किया गया। इस मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष रामकुमार ठाकुर की विदाई साल श्रीफल से की गई ।साथ में उन्होंने अपने दो वर्ष में किए गए कार्यों का उल्लेख किया गया।तत्परांत नई कार्यकारिणी का गठन किया जिसमें सर्वसम्मति शाखा अध्यक्ष हेतु अमित खरे सचिव पुरषोत्तम बसेडिया कोषाध्यक्ष मनोज दुबे उपाध्यक्ष मुन्ना साहू त्रिलोक जैन का चयन किया गया।महिला कार्यकारिणी का भी गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष अनीता यशवंत खैरोनिया सचिव आरती मलखान पटेल निर्वाचित हुई। इस कार्यकारिणी के चुनाव प्रभारी नरसिंहपुर से आशुतोष वर्मा वर्चुअल के माध्यम से सम्मिलित हुए साथ ही पं पूनम मिश्रा संरक्षक रजनीश जैन बसंत खेरोनिया द्वारका प्रसाद सोनी प्रकाशचंद पटेल पंकज स्वदेशी आशुतोष मोदी रामस्वरूप पटेल रुपम विश्वकर्मा एड गगन अग्रवाल दीपक वाजपेई दीपेंद्र नायक अमित खरे शिवा पाटकर मलखान पटेल काशीराम राय उपस्थित रहे। भारत विकास परिषद् यह ऐसा संगठन है जो कि संपर्क सहयोग संस्कार समर्पण सेवा एवम्‌ राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों के लिए जाना जाता है।

# निषादराज गुह जयंती के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन

गोटेगाँव

निषादराज गुह जयंती के अवसर पर सुभाष चन्द्र बोस स्टेडियम, गोटेगाँव में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन एवं नागरिक उपस्थित रहे।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जालम सिंह पटैल (पूर्व राज्यमंत्री, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल) उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि गोटेगाँव विधायक महेन्द्र नागेश , नगर पालिका अध्यक्ष पूनम जितेन्द्र ठाकुर, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रद्धा पंकज चौकसे, पूर्व विधायक हाकम सिंह चढ़ार, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार जैन, पूर्व मंडी अध्यक्ष दादूराम पटैल एवं नगर मंडल अध्यक्ष अंजनी दीपक सोनी उपस्थित रहे।कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा निषादराज गुह के जीवन एवं उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला गया तथा समाज को उनके बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया। इस दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी आयोजित की गईं, जिससे कार्यक्रम का वातावरण उत्साहपूर्ण रहा।अंत में सभी अतिथियों का सम्मान किया गया एवं कार्यक्रम का सफल समापन हुआ।

